## विधानसभा तक पहुंची पुलिया निर्माण की मांग



**सेंधवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुड़ा आमली फल्या में पुलिया निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग अब विधानसभा तक पहुंच गई है। क्षेत्रीय विधायक मोंटू सोलंकी ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मप्र विधानसभा में याचिका प्रस्तुत की। यह मुद्दा बरसात के दौरान आवागमन में आने वाली कठिनाइयों और ग्रामीणों की दैनिक परेशानी से जुड़ा हुआ है। विधायक ने बताया कि पुलिया निर्माण की मांग को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे थे, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा याचिका स्वीकार कर लिए जाने को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे अब इस मुद्दे पर आगे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा कि क्षेत्र के जनहित से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा और जनता की आवाज बनकर संघर्ष जारी रहेगा।

## संजीव सावले बने नगर पटेल, किया नगर भ्रमण



**पानसेमल।** नगर में पटेल पद पर संजीव सावले को नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद बस स्टैंड पर उन्हें पुष्पहार पहनाकर बधाई दी। जिसके बाद नगर में भ्रमण कर उन्होंने परिवारों का आशीर्वाद लिया। नगर पटेल बनने के बाद उन्होंने बताया कि पूर्व नगर पटेल राजेंद्र अग्रवाल के निधन के बाद नगर पटेल पद के लिए चर्चाएं की जा रही थी। जिसके बाद मुझे इस पद पर नियुक्त किया गया है। नगर वासियों से प्रेम मिला है, उसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर सफल एवं सकारात्मक कार्यों को संतोषजनक रूप से पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। वरिष्ठजनों ने बताया कि नगर में यह तीसरा नगर पटेल का दायित्व है। प्रथम नगर पटेल मड़कू सोनीस रहे। जिसके बाद राजेंद्र पटेल तथा उनके बाद संजीव सावले को नगर पटेल बनाया है। उनके मनोनीत होने पर परिवार के सदस्यों, मित्रों सहित नगरवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## श्रीकृष्ण मंदिर में मनाया फाग उत्सव मनाया



**पानसेमल।** श्रीकृष्ण मंदिर में महिलाओं ने फाग उत्सव मनाया। बच्चों ने राधा कृष्ण के सुंदर वेश धारण किए, जिनके साथ महिलाओं ने सुंदर गीत गाकर भक्तिभाव के साथ फूलों एवं रंगों की होली खेली। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को भोग लगाकर प्रसादी का भी वितरण किया गया। धार्मिक गीतों एवं भजनों पर नृत्य कर श्रीराधाकृष्ण होली का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री कृष्ण मंदिर एवं परिसर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों से महिलाएं शामिल रही। महिलाओं ने बताया कि वे करीब 15 वर्षों से यह उत्सव मनाते आ रहे हैं।

# पवित्र माह रमज़ान की रौनक से शहर गुलजार

### इफ्तार की तैयारियों और रात में तरावीह की नमाज में अकीदतमंदों की उमड़ रही भीड़

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मुसलमानों का पवित्र माह रमजानुल मुबारक जिले में शुरू हुए एक सप्ताह पूर्ण हो चुका है। इबादत, संयम, दुआ और आत्मशुद्धि के इस पाक महीने में शहर की सभी मस्जिदों एवं बाजारों में विशेष रौनक दिखाई दे रही हैं। शाम होते ही इफ्तार की तैयारियों और रात में तरावीह की नमाज के दौरान मस्जिदों में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ रही है।



### तीन अशरों में किया विभाजित

इस्लामी परंपरा के अनुसार रमजान को 3 अशरों (दस-दस दिनों के हिस्सों) में विभाजित किया गया है। पहला अशरा रहमत का होता है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर रहमतें नाजिल करता है। दूसरा अशरा मगफिरत का माना जाता है, जिसमें बंदों की तौबा कबूल कर उन्हें क्षमा प्रदान की जाती है। तीसरा अशरा निजात (जहन्नुम से छुटकारा) का होता है, जिसमें सच्चे दिल से तौबा करने वाले बंदों को गुनाहों से मुक्ति की बशारत दी जाती है।

### सब्र, शुक्र और इबादत का महीना

शहर स्थित बशीरन मस्जिद के हाजी नवेद साहब ने रमजान की फजीलत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह महीना सब्र, शुक्र और इबादत का महीना है। इस मुबारक महीने में अल्लाह अपने बंदों को बेशुमार नेमतों से नवाजता है और नेक अमल का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है।

### युवाओं को दे रहे संदेश

प्रतिदिन नमाज-ए-इशा और तरावीह के बाद अपने बयान में हाजी नवेद साहब रोजेदारों को रमजान की अहमियत समझाते हुए ईमानदारी, सच्चाई और नेकनीयती के साथ जीवन व्यतीत करने की नसीहत देते हैं। वे युवाओं को बुराइयों से दूर रहकर अच्छे चरित्र और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश भी दे रहे हैं।

इंजीनियर समीर खान ने बताया कि रमजान आत्मिक शांति और सुकून का महीना है। इस अवसर पर पर इबादत करने से दिल को चैन मिलता है और इंसान अपने अंदर सकारात्मक बदलाव महसूस करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने धर्म के मूल सिद्धांतों, सदाचार, अनुशासन और मानवता पर चलें। रमजानुल मुबारक के अवसर पर शहर में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

**उमड़ रही है भीड़**
- मस्जिदों में अकीदतमंदों की उमड़ रही है भीड़।
- मस्जिदों और बाजारों में दिख रही विशेष रौनक।

# पुलिस ने किया भगोरिया मेला स्थल का निरीक्षण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** ग्राम भवती में 25 फरवरी को थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने ग्राम पंचायत एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों के साथ 28 फरवरी को होने वाले भगोरिया मेला के सम्बंध में बैठक आयोजित की। भगोरिया मेले के दौरान सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रखने तथा सम्पूर्ण व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने व आपसी सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर तत्काल सूचना देने के लिए समझाईश दी।

सदस्यों ने भी पुलिस को पूरा सहयोग करने एवं ग्राम की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रख भगोरिया हाट शांतिपूर्वक मनाएं जाने का आश्वासन दिया। बैठक में भगोरिया आयोजन के अतिरिक्त ग्राम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, आगामी त्यौहारों के बारे में भी चर्चा कर रात्रि गश्त में सक्रिय सहभागिता करने एवं बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए बताया। इस दौरान पुलिस एवं पंचायत, ग्राम सदस्य की टीम द्वारा भगोरिया मेला स्थल का भी निरीक्षण किया गया। बैठक में बीट प्रभारी एसआई ओसाल, एएसआई दीपक ठाकुर, थाना स्टॉफ, ग्राम सरपंच, पंचायत सदस्य, ग्राम पटेल एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# पीएमश्री शास हाई स्कूल के पूर्व छात्रों ने सांझा किए अनुभव

**बड़वानी, ( नवभारत )।** पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में 25 फरवरी को भावनात्मक एवं प्रेरणादायी स्मृति मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के उन गौरवशाली पूर्व छात्रों ने सहभागिता की, जिन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में देश के कई हिस्सों में सेवाएं देकर संस्था का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंबई से आए जगदीश राठौड़ सेवानिवृत्त इंजीनियर जॉनसन बॉम्बे एवं खरगोन से आए अनूप जोशी सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री/एक्सीकेटीव इंजीनियर एमपीईबी खरगोन ने शिरकत की।



विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय रहा कि उसके पूर्व विद्यार्थी प्रतिष्ठित पदों से सेवानिवृत्त होकर अपने विद्यालय पहुंचे और अनुभव सांझा किए।

**एक नजर में** — वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी स्वर्गीय भगवान बंसल बाबूजी को समर्पित थी सभा

# प्रेस क्लब ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली 26 फरवरी**

मुख्य बस स्टैंड अम्बेडकर चौराहे पर निवाली प्रेस क्लब द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर का आत्मीय सम्मान उमड़ा। यह सभा वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी एवं प्रेस क्लब के संरक्षक स्वर्गीय भगवान बंसल (बाबूजी) को समर्पित थी। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि सभी समाजों के वरिष्ठजनों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।



श्रद्धांजलि सभा में सर्वसमाज के वरिष्ठजनों ने मंच से विचार सांझा किए। वक्ताओं ने कहा कि बाबूजी का व्यक्तित्व दलगत राजनीति और जातिगत बंधनों से ऊपर था। उन्होंने जीवन पर्यंत निवाली के विकास व सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। उन्होंने सदैव युवा पत्रकारों को सही मार्ग दिखाया।

वक्ताओं ने उनके परिजनों द्वारा किए गए नेत्रदान के साहसिक निर्णय को याद करते हुए इसे समाज के लिए एक महान प्रेरणा बताया। लोगों ने कहा कि बाबूजी आज भी अपनी आँखों के जरिए दुनिया को देख रहे हैं। वहीं नगर के सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम में शामिल हुए। वरिष्ठ पत्रकार सुनील सोनी महाराष्ट्र के पूना से अपनी आवाज रेकॉर्ड कर अपने शब्दों में बाबूजी को श्रद्धांजलि दी। भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेंद्र गोयल ने किया।

### यह रहे उपस्थित

अम्बेडकर चौराहे पर आयोजित इस सभा में निवाली प्रेस क्लब के सदस्यों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**एक नजर में**

## प्रोजेक्ट्स टुडे का एआई-संचालित व्यावसायिक प्लेटफॉर्म

**इंदौर .** प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया . यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट, तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ने में मदद मिलती है . उन्नत प्लेटफॉर्म व्यावहारिक परिणामों पर केंद्रित एआई-सक्षम विकास प्रस्तुत करता है . इसका उद्देश्य केवल सूचना तक पहुंच से कहीं अधिक व्यापक है . इसका मूल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण करने वालों और इसे सक्षम बनाने वाले प्रमोटरों, ठेकेदारों, सलाहकारों, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और वित्तदाताओं के बीच अवसरों का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करना है .

## गैलेक्सी एआई ने मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम का किया विस्तार

**इंदौर .** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में गैलेक्सी एआई का विस्तार करते हुए मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम को और मजबूत करने की घोषणा की है . कंपनी का उद्देश्य यूज़र्स को अधिक विकल्प और बेहतर नियंत्रण देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्य कम मेहनत और अधिक स्वाभाविक तरीके से पूरे कर सकें . कंपनी के अनुसार, अब लोग अलग-अलग कामों के लिए कई तरह के एआई एजेंट्स का उपयोग कर रहे हैं . इसी बदलाव को देखते हुए, सैमसंग गैलेक्सी एआई को इस तरह विकसित कर रहा है कि यूज़र अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इंटीग्रेटेड एआई अनुभवों को चुन सकें . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और आर एंड डी हेड, वॉन-जून चोई ने कहा हम एक खुले और समावेशी एआई इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यूज़र्स को जटिल कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अधिक विकल्प और नियंत्रण दे .

## पेप्सिको ने 'रेवोल्यूशनारी' पहल के प्रभाव का विस्तार किया

**इंदौर .** समावेशी विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, पेप्सिको इंडिया ने कृदा हार्ट एन सॉइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में ग्रामीण भारत में महिला-केंद्रित कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है . पेप्सिको इंडिया की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' फिलॉसफी पर आधारित इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और दादरा एवं नगर हवेली सहित पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 272 गांवों में 55,000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई गई है, जिससे स्थानीय परिस्थितियों पर आधारित टिकाऊ आजीविका को समर्थन मिला है . इस पहल पर यशिका सिंह, चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर एवं सस्टेनेबिलिटी हेड, पेप्सिको इंडिया और साउथ एशिया ने कहा पेप्सिको इंडिया में हमारा मानना है कि समावेशी विकास की शुरुआत समुदाय स्तर से होती है, जब महिलाओं को अपने भविष्य को आकार देने के लिए कौशल, आत्मविश्वास और अवसर मिलते हैं .

## खाटू श्याम मंदिर पर रंगभरी एकादशी पर भजन संध्या

**इंदौर .** साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रंगभरी ग्यारस, 27 मार्च को शाम 6 बजे से रंगारंग फाग महोत्सव मनाया जाएगा . मंदिर समिति के प्रमुख सुरेश रामपीपल्या एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि समाजसेवी विष्णु बिंदल, अरविन्द बागड़ी एवं राजेश बंसल के मार्गदर्शन में इस मौके पर भजन गायक सुनील शर्मा एवं उनके साथी मनोहारी भजनों की प्रस्तुतियां भी देंगे . मंदिर पर एकादशी के उपलक्ष्य में श्याम बाबा का भव्य एवं मनोहारी श्रृंगार कर 56 भोग भी समर्पित किए जाएँगे .

## फोनपे ने लॉन्च किया एआई-आधारित सर्च फीचर

**इंदौर .** फोनपे ने आज एक नया एआई-पावर्ड नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री की मदद से बनाया गया है . इस फीचर की खासियत यह है कि अब फोनपे इस्तेमाल करने वाले लोग इन-ऐप टास्क को टेक्स्ट या वॉयस कमांड देकर कर सकेंगे . इससे ऐप को इस्तेमाल करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा और हर यूजर को अपनी जरूरत के हिसाब से बेहतर अनुभव मिलेगा . इस लॉन्च के मौके पर फोनपे के को-फाउंडर, होल-टाइम डायरेक्टर और सीटीओ राहुल चारी ने कहा सालों से पेमेंट ऐप्स को केवल एक मशीन या टूल की तरह बनाया गया है, जिन्हें सिर्फ ट्रांजेक्शन के लिए बेहतर बनाया गया, न कि लोगों की सहूलियत के लिए . यह लॉन्च उस सोच को बदलने की दिशा में हमारा पहला कदम है . हमारा सपना है कि हर भारतीय के लिए डिजिटल पेमेंट आसान हो . एआई की मदद से हम एक ऐसा इंटेलिजेंट इंटरफेस तैयार कर रहे हैं जो आपकी जरूरत को पहले ही समझ जाए, इससे पहले कि आप उसे ऐप में ढूंढना शुरू करें .

# तालाबों की सफाई और पानी आने की चैनल साफ करने के निर्देश

- आयुक्त ने शहर के तालाबों का किया निरीक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मंगलवार को निगमायुक्त ने शहर के तालाबों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ने तालाबों की सफाई और पानी आने की चैनल साफ करने के निर्देश दिए. साथ ही तालाब परिसरों में डस्टबिन और कचरे के चेतावनी बोर्ड लगाने के भी आदेश दिए.**



शहर में आने वाले बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज सुबह बिलावली, लिंबोदी, पिपलियापाला एवं सिरपुर तालाब निरीक्षण किया. आयुक्त सिंघल ने बारिश में जलभराव एवं जल निकासी समस्या को लेकर तालाबों की चैनल लाइन, इनलेट-आउटलेट और ओवरफ्लो होने वाली स्थानों का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों की सभी पानी आने वाली चैनल की सफाई करने और तालाबों की तलहटी एवं आसपास जमा जलकुंभी, गाद, कचरा एवं अवांछित सामग्री को हटाने के निर्देश दिए.

### चेतावनी बोर्ड और डस्टबिन लगाएं

आयुक्त ने सभी तालाब की विशेष अभियान चला कर कचरा साफ करने और तालाबों में कचरा नहीं डालने के चेतावनी बोर्ड और डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, श्रृंगार श्रीवास्तव, सहायक यंत्री आकाश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.



# संत गाडगे बाबा का जन्मदिवस मनाया

इंदौर. स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे बाबा की 150वी जयंती पर एमआर-9 रिंग रोड संत गाडगे चौराहे पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा का जन्मदिवस मनाया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी कैलाश कनौजिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एबीडीएम व बीजेपी युवा मोर्चा के शहर महामंत्री अखिलेश निक्की राय थे. इस अवसर पर आयोजक संदीप धर्मराज लश्करी व हेमंत (राहुल) बुंदेला मित्रगण द्वारा अतिथियों स्वागत किया गया. साथ ही भोजन प्रसादी वितरण का किया गया. कार्यक्रम में बुंदेला रजक समाज इंदौर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत लशकरी, उपाध्यक्ष व भाजपा नेता नवीन वर्मा, सहसचिव देवीलाल लशकरी, महिला प्रचार मंत्री उमा लशकरी, संगठन की सोनल लशकरी, रजक संसार संपादक शिव कोदिया, फिल्म डायरेक्टर सुरेश बंजारिया, वशिष्ठ मालवीय पंचायत इंदौर अध्यक्ष मनीष गब्बर खाटवा, केवल मालवीय, पूरबिया समाज अध्यक्ष प्रकाश सिगोंडिया, पूर्व एल्डरमैन बंसीलाल चौरसिया, महिला जन जागृति की संगीता लश्करी, टीना सोलंकी आदि उपस्थित रहे. संचालन समिति के रुबल लश्करी ने किया. आभार धर्मराज लश्करी ने माना.

# जनसुनवाई में ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्ची ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



- कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज जनसुनवाई में ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्ची ने इलाज होने पर मुख्यमंत्री के धन्यवाद दिया. साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा महू गांव मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं के लिए राशि देने पर आभार और दुर्घटना में घायल निगमकर्मी का बेहतर इलाज मुहैया कराने के आदेश दिए.

मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं. जनसुनवाई के दौरान ड्यूटी के समय दुर्घटना में घायल नगर निगम कर्मी किरण गर्दे के इलाज की समुचित और बेहतर चिकता सुविधा देने के लिए स्वस्थ विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए. जनसुनवाई में ब्लड कैंसर पीड़ित बच्ची अपने पिता श्रीकांत प्रजापत के साथ कलेक्टर के पास आई थी. बच्ची के पिता ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद देते हुए कहा कि सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में बच्चों के उपचार की सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं. साथ ही बच्चों के मानसिक उत्साह हेतु प्ले जोन और अध्ययन की व्यवस्था भी है. इसी तरह महूगांव स्थित मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी. इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने क्षेत्र के रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया. जनसुनवाई में आम जन ने कई आवेदन दिए, जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण मुख्य थे. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, कल्याणी पांडे, रोशनी पाटीदार और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया.

**एक नजर में** — माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल का गौरव महोत्सव

# रंगों की बौछार, फूलों का फाग...



**इंदौर. श्री माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल 140 थोक ने अपने थोक के 125 वें गौरव महोत्सव के उपलक्ष्य में कई बहनों ने कान्हा के संग होली खेली.**

अध्यक्ष आशा सिंगी, सचिव ज्योति मुछाल ने बताया कि पूरे कार्यक्रम की बागडोर संयोजक मीना मानधन्या व बबीता मूंदड़ा ने संभाली. थोक की सभी वरिष्ठ बहनों की उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लग गए. आभार प्रचार सचिव रानी राठी ने माना. इस अवसर पर मंजू भलिका, उर्मिला मूंदड़ा, पूजा मूंदडा, शशि पटवा, सुषमा मालू, पूनम मालपानी, सुधा मालू, सुधा मालपानी, अनु मुंदड़ा आदि उपस्थित थे.